पीआइबी ने की राउंड टेबल परिचर्चा

रांची. पत्र सूचना कार्यालय, रांची द्वारा आगामी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आइआइएम रांची में महिला सशक्तीकरण को लेकर गुरुवार को राउंड टेबल परिचर्चा का आयोजन किया. इस दौरान महिलाओं के बीच कौशल विकास एवं उद्यमिता तथा खेलों को लेकर केंद्रित विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की गयी. प्रो रेखा सिंघल ने महिला सशक्तीकरण पर कहा कि महिलाएं सशक्त ही पैदा होती हैं. समाज उनके प्रति यदि अपनी सोच और नजरिया बदल दें तो हमें और ज्यादा कुछ करने की जरूरत न पड़े. परिचर्चा में सेंट जेवियर्स कॉलेज की प्रो प्रिया श्रीवास्तव, मनी मेकला दासगुप्ता, आइआइएम रांची की प्रो रेखा सिंघल, पीआईबी के अपर महानिदेशक अरिमर्दन सिंह शामिल हुए.

Prabhat Khabar, 06.03.2020, Pg. 02